an>

Title: Need to increase number of trains from Kachchh to Mumbai.

श्री विनोद लखमाशी चावड़ा (कच्छ) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे अपने संसदीय क्षेत्र की समस्या सदन के समक्ष रखने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

मेरा संसदीय क्षेत्र कच्छ जिला एक लघु भारत है, वहां पूरे भारत के सभी राज्यों के लोग निवास करते हैं और मेरे क्षेत्र के लोग भी देश के अन्य राज्यों में निवास करते हैं। लेकिन मेरे क्षेत्र के ज्यादातर लोग महाराष्ट्र की राजधानी मुम्बई में बसे हुए हैं और व्यापार से जुड़े हुए हैं। इसलिए कच्छ और मुम्बई के बीच चलने वाली ट्रेन में यात्रियों की बहुत भारी भीड़ रहती है और लोगों को बहुत असुविधा का सामना करना पड़ता है। वर्तमान में कच्छ-मुम्बई के बीच सिर्फ दो ट्रेने प्रतिदिन चलाई जाती हैं - सयाजी एक्सप्रेस और कच्छ एक्सप्रेस। इसके अलावा एक ए.सी. एक्सप्रेस ट्रेन सप्ताह में तीन चलाई जाती है और बांद्रा-गांधीधाम ट्रेन मोरबी होकर सप्ताह में एक बार यानी वीकली चलाई जाती है और भुज-दादर ट्रेन वाया पालनपुर सप्ताह में दो बार चलाई जा रही है।

महोदया, समग्र कच्छ जिले के लिए ट्रेनों की संख्या काफी कम है। अतः मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि जो ए.सी. एक्सप्रेस ट्रेन सप्ताह में तीन बार चलाई जाती हैं, वह ट्रेन प्रतिदिन चलाई जाए और भुज-दादर ट्रेन का कच्छ में पूर्व क्षेत्र के स्टेशन आदेसर, पदमपुर, चित्तौड़ में से किसी एक गांव में हाल्ट दिया जाए, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को भी ट्रेन की सुविधा का लाभ मिले और रेल ट्रैफिक की समस्या का भी हल हो। धन्यवाद।